हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 सितंबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 वाहनों की तेज रफ्तार पर रहेगी नजर, खुद ही...



08 सहायक उपकरणों से मिलेगी दिव्यांगों ...



### पुलिस का मानना, संगठित गिरोह कर रहा ठगी, जिले भर में हुई इस तरह की घटनाएं

# जेवर साफ करने के बहाने महिलाओं से ठगी करने के तीन आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिले में इन दिनों महिलाओं से जेवर साफ करने के बहाने ठगी की घटनाएं आम हो गई है। मध्यम वर्गीय परिवार की महिलाओं को अकेली पाकर उनके गहने और जेवर साफ करने के बहाने से जेवर आदि लेकर फरार हो जाते हैं। शनिवार को सोहागपुर पुलिस ने पाउडर के द्वारा जेवर साफ करने के बहाने एक बुजुर्ग महिला से ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में सोहागपुर पुलिस ने शनिवार शाम एक प्रेस नोट भी जारी किया है।

विदित हो कि इस प्रकार की घटनाएं नर्मदापुरम शहर में भी घट चुकी है जहां फरियादी महिला ने अपने पति के साथ थाने में पहुंचकर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ठगी कर जेवर हड़पने की शिकायत की थी जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

शुक्रवार को सोहागपुर पुलिस ने महिलाओं से ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को पकडा है।



### ऐसे देते हैं घटना को अंजाम

फरियादिया जमनाबाई पत्नी गेंदालाल पाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मोहल्ले तिलक वार्ड में बाहर से आए तीन अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी से पायल साफ करने के बहाने ठगी की। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार जब फरियादिया की सूचना पर थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने अधीनस्थों को कार्रवाई के निर्देश दिये। पूछताछ में फरियादिया ने पुलिस को बताया कि तीन बाहरी व्यक्ति उनके घर आए तथा गहने साफ करने का पाउडर फ्री में देने की बात कहकर धोखे से फरियादिया से पायल ले ली। बर्तन में पायल, पानी व पाउडर डालकर साफ करने लगे तो बर्तन में से धुआं निकलने लगा। फरियादिया ने तीनों लोगों से उनके आधार कार्ड दिखाने को कहा तो वे भागने लगे। इस बीच फरियादिया द्वारा जांच कराने पर पता चला कि पायल का वजन आधा रह गया है।

### नर्मदापुरम में भी कर चुके हैं ऐसी ठगी



बताया जाता है कि यह लोग संगठित रूप से संपूर्ण जिले में ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गत 20 सितंबर को नर्मदापुरम शहर में फरियादिया जीजिया बाई ने बताया देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर में जब वह अपने कार्य में लगी हुई थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर दस्तक दी और कहा कि मेरे पास गहने- जेवर साफ करने का अनोखा पाउडर है जिससे वे एक दम नए जैसे चमक जाएंगे। में फ्री में इन्हें साफ कर देता हूं। इस बात पर जीजिया बाई ने अपने चांदी के जेवर उसे साफ करने दिये तभी बहाने से अज्ञात व्यक्ति ने जीजिया बाई को पानी लाने अंदर भेजा और बाद में एक पुड़िया देकर बोला यह जेवर साफ हो गए हैं इन्हें कुछ देर बाद खोल लेना और रफूचक्कर हो गए। हालाकि इस मामले में भी पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

### पुलिस जता रही बड़े गिरोह के सक्रिय होने का अनुमान

प्रेस नोट के अनुसार 26 सितंबर 2025 को मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तथा एक आरोपी 18 वर्षीय विष्णु कुमार पुत्र लाल शाह निवासी मुंगेर को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ उपरांत 18 वर्षीय सनी कुमार पुत्र महेश प्रसाद निवासी मुंगेर बिहार तथा शंकर कुमार पुत्र बबलू शाह निवासी भागलपुर बिहार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कल लिया। पुलिस के अनुसार मामला संगठित प्रवृत्ति के माध्यम से ठगी का है। अतः बड़े गिरोह का खुलासा होने की संभावना है। क्योंकि गिरोह नर्मदापुरम में विभिन्न इलाकों में टारगेट कर चोरी को अंजाम दे रहा है। इस ठगी में महिलाएं उनका निशाना बनती है। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी ऊषा मरावी, नर्मदापुरम कोतवाली थाना प्रभारी कंचन ठाकुर, एसआई आकाशदीप पचाया व विशाल नागवे, प्रधान आरक्षक हेमंत चौधरी, आरक्षक सुनील ओझा एवं पंकज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पुलिस ने महिलाओं से सतर्क रहने की बात कही है।

## बिना फिटनेस व पीयूसी न होने पर आरटीओ ने काटे 12 चालान

### यातायात विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



परिवहन विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत नर्मदापुरम में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकु शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी संभागीय सुरक्षा स्क्वाड श्री हिमांशु जैन द्वारा सख्ती से कार्यवाही करते हुए विषेश चेकिंग के दौरान लगभग 65 से अधिक वाहनों की जांच की गई तथा फिटनेस, बिना, पी यू सी, एस एल डी तथा अन्य अपराध पाए जाने पर चलानी कार्यवाही की। अभियान के दौरान लगभग 12 वाहनों पर राशि 20 हज़ार रुपए की चलानी कारवाही की गई। उल्लेखनीय है कि परिवहन नियमों एवं कराधान अधिनियम, नियमों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से 5 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में बिना वैध बीमा, फिटनेस, पीयूसीसी, वीएलटीडी, एसएलडी, अग्निशमन प्रणाली फर्स्ट एड किट की अनुपलब्धता, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बिना परमिट परमिट वाले वाहन, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ओवर पैसेंजर, बकाया कर वाले वाहन और विशेष रूप से स्कूल बसों की जांच की जा रही है।

### विश्व पर्यटन दिवस पर मढ़ई में आयोजित हुए कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिपं सीईओ सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थल मढ़ई में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना एवं ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने का संदेश दिया।

## एनएमवी के एनसीसी नेवल विंग ने मनाया विश्व नदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के निर्देशन में एनसीसी नेवल यूनिट एक के कैडेट्स द्वारा नगर स्थित मां नर्मदा के तट पर विवेकानंद घाट में स्वच्छता अभियान को आत्मसात करते हुए सफाई कार्य संपन्न किया गया तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को तट पर पॉलीथीन कचरा आदि न फेंकने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी नेवल विंग के केयरटेकर डॉ. दिवाकर महोबिया एवं डॉ.धर्मेंद्र कोरी एवं एनसीसी नेवल विंग के समस्त सीनियर एवं जूनियर कैडेट्स उपस्थित रहे।

## आरटीओ ने शास. विद्यालय का किया निरीक्षण बच्चों को किया अध्ययन सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार के तहत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शासकीय शालाओं, छात्रावासों, स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं उचित मार्गदर्शन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत अधिकारी आवंटित शासकीय संस्थाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को चिन्हित कर संबंधित जिला अधिकारियों को सूचित कर रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकु शर्मा द्वारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, कुलामड़ी, जिला नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया। आरटीओ श्रीमती शर्मा ने विशेष सत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर उनके बेहतर भविष्य हेतु प्रेरित किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को किताबें, ड्राइंग बुक, क्रेयॉन, ड्राइंग बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल सेट, फल तथा गर्मी को देखते हुए पानी की बोतल वितरित की। अध्ययन सामग्री एवं उपयोगी वस्तुएं पाकर छात्र-छात्राएं अत्यधिक उत्साहित हुए और उन्होंने पूरी निष्ठा से पढ़ाई करने का संकल्प लिया

### कुटीर व लघु उद्योग पर व्याख्यान आयोजित

**नर्मदापुरम।** जिले में 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने संबंधित आदि जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के लिए कुटीर एवं लघु उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा पांडे के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान में प्राध्यापक डॉ. गजेंद्र वाईकर ने छात्राओं को कुटीर एवं लघु उद्योग की स्थापना एवं वित्तीय आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

## समेरिटंस स्कूल के कैडेट्स, एक भारत, श्रेष्ठ भारत कैंप में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



13 मध्य प्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर चार कैडेट्स इंदौर में आयोजित एक भारत, श्रेष्ठ भारत शिविर में शामिल हुए। ये सभी कैडेट्स कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में यहां से शिविर के लिए रवाना हुए। केंप में शामिल होने वाले कैडेट्स में वेदज्ञ भूषण शर्मा, युवराज यादव, अश्विन श्रोती, नैतिक ठाकुर हैं। यह कैंप 6 अक्टूबर तक रहेगा। बटालियन के अधिकारियों और सेकंड ऑफिसर विजय श्रीवास्तव ने उन्हें रवाना किया।

### 29 को होगा ईवीएम वीवीपीएटी वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का प्रतिमाह मासिक निरीक्षण एवं त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण 29 सितम्बर 2025, सोमवार को प्रातः 10:00 बजे कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा किया जाएगा। उक्ताशय में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे ने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे निरीक्षण दिवस को वेयरहाउस खोले जाने के समय स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से नियत समय और स्थान पर उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन सुनिश्चित करें।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पं. रामलाल शर्मा कालेज में हुआ सिकल सेल पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर के पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नर्मदापुरम तथा नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालयी विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया के विषय में जागरूकता हेतु, संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्मार्ट टीवी द्वारा वीडियो प्रदर्शन कर सिकल सेल एनीमिया की जानकारी व इससे बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही एन.ई.एस.महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ज्योत्सना खरे मैडम द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं तथा शिक्षक किसी भी बीमारियों के रोकथाम में किस प्रकार सहायता कर सकते हैं, इस विषय पर जानकारी दी। पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन जी द्वारा किस प्रकार अनुवांशिक इस बीमारी की रोकथाम की जाती है इस पर जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉक्टर ज्योति तिवारी तथा आभार प्रदर्शन डॉ विनीत शुक्ला द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में दोनों महाविद्यालय से डा.ज्योत्सना खरे डॉ प्रिंस जैन डॉ संजय गार्गव डॉ असरार उलगानी डॉ कमलेश शुक्ला डॉ. डॉली जैन डॉ विनीता शुक्ला डॉक्टर कनक पाठक डॉ हरिमोहन लोवंसी डॉ ज्योति तिवारी स्वाति गुप्ता अंजू सक्सेना आनंदमई दुबे, रवि प्रेम असवार आदि उपस्थित रहे।

## नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे बच्चों ने गरबा में दिखाया उत्साह, नृत्य कौशल से मोह लिया सब का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से केजी-II एवं कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए गरबा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण गरबे की धुनों और नन्हें-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों से गूंज उठा। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने अपने अद्भुत नृत्य कौशल से सभी का मन मोह लिया।

इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना और उनमें आत्मविश्वास व सामूहिकता की भावना विकसित करना रहा। बच्चों ने डांडिया की थाप पर गरबा नृत्य करते हुए अपनी मासूम अदाओं और ऊर्जा से वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान एवं कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों को आनंदित करते हैं बल्कि उन्हें भारतीय संस्कारों से भी परिचित कराते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं मावरा खान, राधिका, पुष्पा गोस्वामी, नेहा श्रीवास्तव, निधि लाल, रुपाली परसाई, नेहा शर्मा, जगमीत कौर, दीपा सेंगर,पिंकी माखिजा, शाची बलापुरे, उमावती महतो, स्मिता रावत, अभिलाषा साहू, कनक शर्मा एवं माया राजपूत का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से छोटे-छोटे बच्चों ने इतनी सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। अंत में, गरबे के इस आयोजन ने नन्हें विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और संस्कृति के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित किया। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की

### व्याख्याताओं ने व्यक्त किए विचार

## होम साइंस कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संभागीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में शनिवार को संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित कार्यक्रम में अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) पर विस्तृत जानकारी इस कार्यक्रम के माध्यम से की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक डॉ मथुरा प्रसाद, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ धीरेंद्र शुक्ल, समन्वयक स्वयं पोर्टल डॉ रामकृष्ण श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय से डॉ अशोक शर्मा, डिजीलाकर विशेषज्ञ अक्षय मंगवानी, जन भागीदारी अध्यक्ष संध्या थापक, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा दीप कलश प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं और प्राध्यापकों ने संगीतयमी प्रस्तुति भी दी।

## रोहना में आज से पंच दिवसीय दुर्गोत्सव शुरू हुआ बंगाली पंरपरानुसार होगी पूजन, सिंदूर खेला 2 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समीपस्थ ग्राम रोहना में पांच दिवसीय दुर्गोत्सव रविवार से आरंभ होगा। यहां माता महिषासुरमर्दिनी के रूप में माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, पुत्र कार्तिकेय और गणेश के साथ विराजित होंगी। उत्सव के समापन दिवस 2 अक्टूबर दशहरा के अवसर पर प्रसिद्ध सिंदूर खेला होगा। इस दिन माता सौभाग्यवती महिलाओं के साथ सिंदूर खेलेंगी।

### प्रातः साढ़े 7 बजे से पूजा

कालीबाड़ी सामाजिक समिति के अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा, सचिव चंदन मंडल ने बताया कि रविवार 28 सितंबर को प्रातः साढ़े 7 बजे से पूजा आरम्भ होगी। सबसे पहले बोधन होगा। उसके बाद पूजा, पुष्पांजलि, अधिवास और शाम साढ़े 7 बजे संध्या आरती होगी। इसी प्रकार सप्तमी 29 सितंबर, अष्टमी 30 सितंबर और नवमी 1 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से पूजा का क्रम प्रारंभ होगा। माता की पूजा बंगाली परम्परा अनुसार होगी। शाम को साढ़े 7 बजे संध्या आरती होगी। इस दौरान समिति ने सभी से आयोजन में शामिल होन की बात कही।



### प्रतिदिन भंडारा

समिति सदस्यों ने बताया कि पूजा स्थल पर भक्तों के लिए प्रतिदिन प्रातः की पूजा के बाद दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसादी होगी। इसके अतिरिक्त नवमी तिथि को दोपहर 1 बजे से हवन होगा।

### 2 अक्टूबर को सिंदूर वरण

उत्सव के समापन दिवस 2 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 12 बजे से सिंदूर वरण होगा। डा मंडल ने बताया कि इस उत्सव में भक्त माता के साथ सिंदूर खेलेंगे। यह उत्सव सौभाग्यवती महिलाओं के लिए विशेष होता है। माता महिलाओं को सौभाग्य का वरदान देंगी। समिति पदाधिकारियों सुश्री साधना मित्रा, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी, उत्तम घोष, अपर्णा मिश्र ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा एवं सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 27 सितंबर को नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल द्वारा उद्यमिता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल के सहायक प्रबंधक विपिन खोशी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, उद्यमिता विकास, स्टार्ट-अप नीति 2025 तथा उद्यमियों को मिलने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर लोग अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं और नए रोजगार के अवसर सृजित कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक कर आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

### जेएच कॉलेज के सभागृह में विशाल रक्तदान शिविर आज लगेगा

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक संघ द्वारा आज रविवार 28 सितंबर को प्रातः 10 बजे से जे.एच. कॉलेज सभागृह बैतूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, विशेष अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग दुर्गादास उइके इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत बैतूल के अध्यक्ष राजा पवार, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे तथा घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उइके कार्यक्रम में उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी बैतूल के जिला अध्यक्ष माननीय सुधाकर पवार, जिला पंचायत बैतूल के उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम रोजगार सहायक संघ के संरक्षक कान्ति यादव भी शिविर में मौजूद रहेंगे। आयोजक मंडल ने समस्त गणमान्य नागरिकों, युवाओं, समाजसेवियों, रक्तदाताओं और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस महा-रक्तदान शिविर में पधारकर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं और देश सेवा में योगदान दें।

### आज मधुमक्खी के डंक से मरीजों का होगा उपचार

**बैतूल।** मधुमक्खी के डंक से मरीजों को उपचारित करने वाली हनी बी थेरेपी का स्वास्थ्य शिविर आज रविवार 28 सितंबर को बैतूल गंज स्थित राधा कृष्ण धर्मशाल में सुबह 10.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का संचालन श्री स्वामी समर्थ परिपूर्ण निसर्ग उपचार संस्थान की पहल पर किया जा रहा है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. श्रीराम दिगंबर कुलकर्णी यहां मरीजों को नाममात्र शुल्क पर परामर्श और चिकित्सा देंगे। डॉ. कुलकर्णी पिछले 19 वर्षों से हनी थेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक लाखों पीड़ितों को स्वस्थ कर चुके हैं। वे बीपी, शुगर और थायरॉइड जैसी बीमारियों से मरीजों को मुक्त करने के लिए जाने जाते हैं। हनी बी थेरेपी 2 हजार वर्ष पुरानी भारतीय चिकित्सा पद्धति मानी जाती है। यह थैरेपी किसी चमत्कार से कम नहीं कही जाती, क्योंकि लाखों लाभार्थियों ने इसे अपनाकर गंभीर बीमारियों से पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसमें कैंसर, बीपी, थायरॉइड, मधुमेह, थैलेसीमिया, अर्धांगवायु, गठिया, एड्स, वेरिकोज वेन, सायटिका, ऑस्टियोपोरोसिस, स्पॉन्डिलोसिस, सिरदर्द, सर्वाइकल, रीढ़ की हड्डी की समस्या, घुटने और कमर दर्द, रक्त वाहिकाओं में ब्लॉकेज, पथरी, अस्थमा, हृदय रोग, श्वसन समस्या, पीलिया, मानसिक रोग, अनिद्रा, त्वचा रोग, सोरायसिस, सफेद दाग, माइग्रेन, सुन्नपन सहित अनेक बीमारियों का उपचार किया होगा।

## बैतूल से इटारसी तक फोरलेन पर लगेंगे कैमरे

# वाहनों की तेज रफ्तार पर रहेगी नजर, खुद ही कटेंगे ई-चालान



### इनका कहना है

एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) के तहत बैतूल इटारसी फोरलेन पर कैमरे लगाने के लिए केबल बिछाने शुरू किया हैं। कैमरे लगाए जाएंगे, इनकी कनेक्टिविटी टोल नाके से रहेगी। दुर्घटनाओं और तेज रफ्तार पर नजर रखी जाएगी।

**- मनीष मीणा**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल से इटारसी तक बनाए जा रहे फोरलेन पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) के तहत हर चार किलोमीटर पर एडवांस कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे लगाने के लिए केबल बिछने शुरू हो गए हैं, इन कैमरों से तेज रफ्तार वाहनों और दुर्घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। दरअसल अब तक जो फोरलेन सडक़ें बनती थीं उन पर कैमरों और मॉनीटरिंग के लिए एचटीएमएस सिस्टम यानी हाईवे ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होता था। लेकिन अब जो फोरलेन बने हैं उन्हें एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है जिसमें कैमरे और इनकी टोल नाके से कनेक्टिविटी अनिवार्य है। इसके तहत कैमरे लगाना जरूरी है। इसके बाद सडक़ से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार पर तो नजर रहेगी ही, साथ ही दुर्घटनाओं पर भी नजर रखी जायेगी। जिसके लिए बैतूल इटारसी फोरलेन पर कैमरे लगाने के लिए केबल बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। भविष्य में इन कैमरों को टोल नाके से जोड़ दिया जाएगा, इसके बाद तेज रफ्तार वाले वाहनों की रफ्तार दर्ज होगी और टोल नाके पर पहुंचते ही ई-चालान वसूली की कार्रवाई के बाद ही वाहन चालक आगे बढ़ सकेंगे।

### 51 किमी बनी सड़क, इस पर लगेंगे 12 कैमरे

इटारसी से बैतूल तक 72 किलोमीटर फोरलेन बनना है। इसमें से 51 किमी फोरलेन बन चुका है। बरेठा के आगे काम नहीं हुआ है, क्योंकि 21 किमी में वन्य प्राणियों की सुरक्षा का मामला होने के कारण हाईकोर्ट में मामला चल रहा है। इस तरह जो 51 किलोमीटर सडक़ बनी है, उसमें पहले 12 कैमरे लगाए जाएंगे। इसके बाद बचे 21 किमी में 6 कैमरे बाद में लगाए जाएंगे। इन कैमरों को लगाने के लिए केबल बिछाने काम शुरू कर दिया है। पाढर और नीमपानी में डिवाइडरों के बीच नाली बनाने का काम चल रहा है। यहां से हर चार किलोमीटर में केबल बिछाए जाने शुरू किए जाएंगे। इसके बाद खंभे लगाकर इनके ऊपर एडवांस कैमरे लगाए जाएंगे।

### *14 साल भी बाद अधूरा फोरलेन*

*बैतूल से औबेदुल्लागंज तक बनाए जाने वाला फोरलेन को मंजूरी मिलने के 14 साल बाद भी अब तक अधूरा है। 2011 में 121 किलोमीटर लंबे बैतूल-औबेदुल्लागंज फोरलेन को मंजूरी मिली थी, बाद में ट्रांसटॉय कंपनी को 950 करोड़ का ठेका मिला, लेकिन काम पूरा नहीं हुआ। जिसके कारण कंपनी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया। बाद में दो टुकड़ों में बैतूल-इटारसी और इटारसी-औबेदुल्लागंज में बांटकर अलग-अलग टैंडर किए गए। इनमें से 650 करोड़ की लागत से बनाया जाने वाला बैतूल-इटारसी फोरलेन का 72 किलोमीटर फोरलेन में से 21 किलोमीटर का बरेठा घाट वाला हिस्सा अधूरा ही है।*


### *यहां काम अधूरा होने से परेशानी*

*शाहपुर -एनएच 46 के बैतूल इटारसी सेक्शन में फोरलेन पर सुविधाओं का अभाव और टाइगर कॉरीडोर बरेठा में सही ढंग से मेंटेनेंस नहीं होने से लोग पहले ही नाराज थे, वहीं अब कुंडी टोल प्लाजा शुरू होने से यह नाराजगी और बढ़ी है। बरेठा घाट में एक महीने के अंतराल में कई घंटे जाम रहा, यदि विभाग यहां रुटीन मेंटेनेंस कराता तो शायद यह परेशानी नहीं होती। वाहन चालकों का कहना है कि बैतूल से इटारसी के बीच टाइगर कारीडोर में वर्तमान सडक पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। बडे-बडे और लंबे गड्ढों की वजह से सडक़ पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। गड्ढों की वजह से वाहनों के पलटने की घटनाएं हो रही है और बार-बार जाम लग रहा है।*

## बैतूल चेप्टर के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर दी बधाईयां

# विजय दीक्षित बने जन परिषद के प्रांतीय सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जनपरिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने जन परिषद के प्रांतीय चैप्टरों में से छह प्रांतीय सचिवों को मनोनीत किया है। जिनम बैतूल चैप्टर के अध्यक्ष विजय दीक्षित को प्रांतीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। श्री दीक्षित की नियुक्ति पर जनपरिषद बैतूल चैप्टर, मुलताई चैप्टर, बैतूलबाजार चैप्टर, भौंरा चैप्टर के सदस्यों ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। तथा जन परिषद के अध्यक्ष एन के त्रिपाठी एवं संयोजक रामजी श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया है।

### रामेश्वरम जा रही ट्रेन से गिरा युवक, मौत

**बैतूल।** अयोध्या से रामेश्वरम जा रही ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के परसरामपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी केश्वरी पांडे (31) पिता राम शंकर पांडे के रूप में हुई है। घटना दो दिन पहले बरबटपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे खंभा नंबर 803/18 के पास क्षत-विक्षत हालत में मिला। जानकारी के अनुसार, केश्वरी ट्रेन के गेट के पास बैठा हुआ था, उसी दौरान वह अचानक नीचे गिर गया। हालांकि, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है कि वह दुर्घटनावश गिरा या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची। एएसआई पोर्टे ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर युवक का बड़ा भाई बिंदेश्वर पांडे बैतूल पहुंचा और जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखे शव की पहचान की। शव दो दिन से मॉर्चुरी में रखा हुआ था।

## आदिवासी कांग्रेस का प्रदर्शन

# सेंधवा में महिला प्रधान आरक्षक से छेड़छाड़ प्रकरण पर आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आदिवासी कांग्रेस ने बड़वानी जिले के सेंधवा में एक महिला प्रधान आरक्षक के साथ कथित छेड़छाड़ और जातिसूचक गाली-गलौज के मामले में विरोध प्रदर्शन किया। इस घटना को लेकर मप्र आदिवासी कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आदिवासी कांग्रेस द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार, यह घटना 17 सितंबर 2025 को हुई थी। भाजपा सिलावद मंडल अध्यक्ष अजय यादव पर ड्यूटी पर तैनात महिला प्रधान आरक्षक से छेड़छाड़ करने का आरोप है। जब महिला आरक्षक ने विरोध किया, तो आरोपी ने कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। आदिवासी कांग्रेस का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बावजूद, राजनीतिक दबाव के कारण आरोपी अजय यादव को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीड़िता तथा उसके परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि पीड़िता आदिवासी समाज से संबंधित है और भयभीत है। इसमें आदिवासी कांग्रेस ने मांगें रखी कि आरोपी अजय यादव को तत्काल उनके पद से हटाया जाए, उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़िता और उसके परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। बैतूल में आयोजित विरोध रैली में प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा सरवटे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा, महिला कांग्रेस (शहर और ग्रामीण) की अध्यक्ष मोनिका निरापुरे और पुष्पा पेंड्राम सहित कई नेता उपस्थित रहे।

# अंधकार से प्रकाश की ओर चलने वाली हमारी संस्कृतिः सुधाकर पंवार

## कोठीबाजार मंडल मे पौधरोपण कर बांटे पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टुबर महात्मा गांधी व लाल बहादूर शास्त्री जी की जयंती तक चलने वाले भाजपा के सेवा पखवाडा के तहत विभिन्न सेवा भावी कार्यक्रम मंडल व बूथ स्तर पर आयोजित किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत शनिवार को बैतूलबाजार मंडल में कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज के दौर में जन्मदिन पर लोग मोमबत्ती बुझाकर जन्मदिन मनाते है हमारी संस्कृति अंधकार से प्रकाश की ओर चलने वाली है।

हम जन्मदिन पर दीपक प्रज्वलित कर समाज कल्याण की कामना करते है। इसी संस्कृति के चलते जनसंघ के संस्थापक पं.दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती से अटल जी के जन्मदिवस तक स्वदेशी अभियान चल रहा है। महापुरूषो के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर हमें ऐसी वस्तुए खरीदनी है जिसमें हमारे देश का श्रम लगा हो। हमारे देश का पसीना लगा हो तो हम मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनेगें। कार्यशाला के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, नपाध्यक्ष दुर्गावती वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड, पूर्व नपाध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, मंडल प्रभारी सुधा चंद्रा, मंडल अध्यक्ष सुनील पंवार, जनपद उपाध्यक्ष कृष्णा लोखंडे, पप्पू शुक्ला सहित मंडल में निवासरत जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, पार्षद, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष प्रमुखरूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के पश्चात कोठीबाजार मंडल के मोती वार्ड में एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम वैघ, नीतिन बारस्कर, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, ममता मालवी, कैलाश धोटे, मनीष ठाकुर, सुनीता देशमुख, वर्षा खाडे, रघुनाथ लोखंड इत्यादि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पौधा रोपण कार्यक्रम के पश्चात विकसित भारत विषय पर आयोजित विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता छात्राओ को श्री पंवार द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्राओ को संबोधित करते हुए श्री पवार ने कहा कि विकसित भारत विषय पर आपकी कल्पनाओं को जिस तरह कैनवास पर उकेरा गया है। उसी तरह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब जनकल्याण के लिए सतत रूप से कार्य करते हुए विकसित भारत की रचना कर रहे है। स्वदेशी के मंत्र से हम आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र बनेगें आज से हम स्वदेशी का संकल्प लेकर खरीददारी करे और लोगो को भी इसकी प्रेरणा दे। यह प्रतियोगिता मोदी जी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाडा के तहत आयोजित की गई क्योंकि मोदी जी का स्पष्ट कहना है कि बेनर पोस्टर की जगह सेवा को ही सेलिब्रेट का माध्यम बनाया जाए।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान

# स्कूली बच्चों ने निकली प्रभात फेरी एवं साइकल रैली




**सारनी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा शनिवार को शोभापुर के समस्त स्कूलों के बच्चे, शिक्षक गणों एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर, नगर पालिका के साथ प्रभात फेरी एवं साइकल रैली निकाली गई। इसमें स्वच्छता निरीक्षक के.के भावसार एवं वार्डो के जनप्रतिनिधि द्वारा स्वच्छता रैली में सम्मिलित हुए। स्वच्छता को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

प्रभात फेरी एवं साइकिल रैली विभिन्न वार्डों से गुजरी। जिसमें बच्चों ने स्वच्छता के संदेश देते हुए वार्डों के नागरिकों को जागरूक किया। इसके साथ वार्डो में जगह जगह श्रमदान का कार्य किया गया। ब्रांड एंबेसेडर रजनी श्रीवास्तव एवं स्वच्छता निरीक्षक द्वारा बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए बच्चों को स्वच्छता हेतु प्रोत्साहित किया गया। पीएम श्री एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर द्वारा वार्ड पार्षदों एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। शनिवार सुबह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता में भागीदारी, हम सब की है जिम्मेदारी अभियान को लेकर जिओ सेंटर बगडोना के सदस्यों एवं नागरिकों, नगर पालिका सफाई मित्र एवं ओम साईं विजन भोपाल संस्था के आई.ई.सी मेंबरों द्वारा अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता में भागीदारी निभाई। सभी ने अपने आसपास की कॉलोनीयों की साफ सफाई कर श्रमदान किया एवं कालोनियों में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ ली।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 8.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 952.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1001.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 14.2, घोड़ाडोंगरी में 21.0, चिचोली में 10.2, शाहपुर में 18.0, मुलताई में 0.0, प्रभात पट्टन में 3.2, आमला में 6.0 दर्ज की गई है।

## डाटर्स डे पर बेटियों के लिए आयोजन

# आज होगा 32 गौरवशाली बेटियों का सम्मान

**बैतूल।** जिले के साझा मंच मणिकर्णिका सम्मान समारोह-2025 में आज रविवार 28 सितंबर को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहराने वाली 32 बेटियां सम्मानित होंगी। यह आयोजन जिले के प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. वसंत श्रीवास्तव एवं एड. नीरजा श्रीवास्तव की सुपुत्री स्व. नेहा अभिषेक श्रीवास्तव की स्मृति में बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है।

सिविल लाइन स्थित रामकृष्ण बगिया में दोपहर 1.30 बजे से होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन सुमीत सिंह उपस्थित रहेंगे। मंच पर कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल हो रही हैं। इनमें झारखंड की पदमश्री छुटनी देवी महतो, पैरा एथलीट पूजा ओझा, इंटरनेशनल ओडीसी डांसर ममता ओझा (उड़ीसा), विंग कमांडर मनाली शुक्ला (तमिलनाडु), ब्लाइंड वूमन क्रिकेट टीम इंडिया की विकेट कीपर दुर्गा येवले, सीसीएफ बासु कनौजिया, इंटरनेशनल कराते खिलाड़ी कल्याणी कोडोपे, धडक़न शाह, भोपाल कचरा कैफे की संचालक अंजीता सभलोक, डीएसपी शेफा हासमी, जीएसडी इंस्पेक्टर मुंबई प्राची धोटे, प्रधान आरक्षक आरपीएफ फराह खान, आरक्षक जीआरपी पूजा यादव, कवियत्री आस्था नीरज पुरी (मुंबई) प्रमुख हैं।

## राम भक्त ले चला राम की निशानी, आसपास के अंचलों से श्रद्धालुओं का उमड़ रहा समूह

# रामलीला मंचन : राम-भरत मिलाप देखकर भाव विभोर हो उठे दर्शक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैसदेही

रामलीला मंचन के पांचवें दिन राजा दशरथ राम की याद करते हुए श्रवण के मां बाप के श्राप की बात सभी को बताते है कि आप भी हमारी तरह पुत्र के वियोग में प्राण त्यागोगे। राजा दशरथ राम राम करते प्राण त्याग देते है गुरु वशिष्ठ ननिहाल से भरत को वापस बुलाते है। भरत अयोध्या आकर माता कैकेई से मिलने जाते है, जहां कैकेई भरत को सारा वृतांत बताती है। जिससे भरत नाराज होकर बोलते है कि आप मेरी माता नहीं हो सकती आपने पूरे राजपाट का सत्यानाश कर दिया आज से मै आपके पास कभी नहीं आऊंगा। फिर भरत माता कौशल्या से मिलने जाते है और कहते है कि माता इसमें मेरा कोई कसूर नहीं है मुझे राजपाट से कोई मतलब नहीं है। इसके बाद माता कौशल्या से वन जाकर श्रीराम को वापस लाने की आज्ञा लेते है। तथा भरत शत्रुघ्न पूरे परिवार तथा सेना के साथ वन में श्रीराम से चित्रकूट में मिलते है। तथा वापस अयोध्या चलकर राज्य संभालने का आग्रह करते है, जिसे श्रीराम मनाकर देते है। बहुत मिन्नतों के बाद भी श्रीराम वापस अयोध्या चलने से मना कर देते है। तब भरत श्रीराम की चरण पादुका मांगते है जिसे मै राज गद्दी पर रख कर राज चला सकूंगा श्रीराम से चौदह वर्ष पूर्ण होते ही अयोध्या वापस आने का कहते है। यदि आप समय पर वापस नहीं आए तो अपने भाई को नहीं पाओगे श्रीराम समय पर आने का वचन देते है। तब भरत सिर पर चरण पादुका को रखकर वापस अयोध्या आ जाते है राम भक्त ले चला राम की निशानी श्रीराम आगे पंचवटी में जाते है।

### श्रीराम का सुंदर रूप देखकर सूर्पनखा हुई मोहित

पंचवटी में रावण की बहन सूर्पनखा आती है तथा राम लक्ष्मण का मनमोहक रूप देखकर उनपर मोहित हो जाती है। और उनके पास जाकर शादी का प्रस्ताव रखती है जिसे राम लक्ष्मण ठुकरा देते है सूर्पनखा रूप बदल बदल कर बहुत कोशिश करती है लेकिन राम लक्ष्मण मना कर देते है। तब गुस्से में सूर्पनखा रास्ते से सीता को हटाने के लिए सीता पर वार करती है तभी लक्ष्मण सूर्पनखा की नाक काट देते है। भरत का मार्मिक अभिनय गौरव राठौर द्वारा किया गया। सूर्पनखा का अभिनय जाने माने कलाकार सुरेश चौहान द्वारा किया जा रहा है।

### साईं मंदिर में साईं जयंती पर हुआ विशाल भंडारा



**सारनी।** नगर के साईं मंदिर परिसर में शनिवार को साईं जयंती बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री साईं समर्थ सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन संकीर्तन से हुई। दोपहर 12 बजे की आरती के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। वहीं शाम 5 बजे साईं मंदिर सारनी से नगर बरामंड के लिए बाबा की पालकी बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। समिति सदस्यों ने भक्तों के सहयोग से भंडारे और अन्य कार्यक्रमों का सफल संचालन किया।

### मां खेड़ापति मंदिर में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़



**शाहपुर।** मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम सिलपटी में नवरात्रि के पावन पर्व पर मां खेड़ापति मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। श्रद्धालु यहां पूरे 9 दिन जल चढ़ाने के लिए प्रतिदिन पहुंचते है। यहां पूजा अर्चना प्रतिदिन की जाती है। प्रतिदिन शाम को मां के मंदिर में पूजा अर्चना और आरती, दीपक प्रज्वलित किया जाता है। रात्रि में मां दुर्गा के स्थापना स्थल के प्रांगण में जय माता दी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भक्तिमय भजन, जस गाये जाते है। खेड़ापंती मंदिर सिलपटी के पुजारी राजेंद्र के द्वारा मां खेड़ापति मंदिर की सेवा की जाती है। इसी प्रकार से पूरे नगर में नवरात्र का भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में किया गया पौधरोपण



**सोहागपुर।** नगर परिषद सोहागपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नियमित ही शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को शास्त्री वार्ड में स्वच्छता कार्य किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल व सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गत दिनों पलकमती नदी के रामगंज वार्ड घाट की सफाई व पुताई की गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को गौतम वार्ड के समीप स्थित पलकमती नदी के घाट की सफाई का कार्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नपकर्मियों ने किया था। वहीं शनिवार को नगर के शास्त्री वार्ड की जयमल सिंह कॉलोनी में स्थित उद्यान की सफाई का कार्य किया गया है। स्वच्छता के बाद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने उद्यान में पौधारोपण कार्य भी किया। सीएमओ शर्मा ने बताया कि दो अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के साथ ही विजयदशमी का पर्व भी आ रहा है। जिसमें पलकमती तल में रावण दहन होगा। अतः नपाध्यक्ष लता पटेल के निर्देशानुसार घाट एवं पुल पर श्रमदान कार्यक्रम किया गया एवं पलकमति पुल को अलग-अलग रंगों से रंगा गया है।

### हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा

# आंधी-बारिश भी नहीं रोक पाई हरिभूमि फैमिली गरबा, गरबाप्रेमियों ने गर्मजोशी लिया हिस्सा

हरिभूमि समूह के एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा को ऐसे ही इटारसी शहर का सबसे बड़ा आयोजन नहीं कहा जाता है, शनिवार को यह बात सिद्ध भी हो गई जब जोरदार आंधी बारिश भी गरबा प्रेमियों का मनोबल नहीं डिगा सकी।






हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

हरिभूमि समूह के एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा को ऐसे ही इटारसी शहर का सबसे बड़ा आयोजन नहीं कहा जाता है, शनिवार को यह बात सिद्ध भी हो गई जब जोरदार आंधी बारिश के चलते इटारसी शहर का बाकी गरबा आयोजन नहीं हो पाए लेकिन हरिभूमि फैमिली गरबा का द्वितीय दिवस का आयोजन दोगुना जोश और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

दरअसल शनिवार को देर शाम शहर में भारी बारिश हुई जिसके चलते गरबा आयोजन के होने पर सन से की बात आ गई थी लेकिन हरिभूमि समूह में ने ऐसी व्यवस्था दोपहर से ही करके रखी थी कि जिससे इटारसी के गरबाप्रेमी और नागरिकों को तीनों दिन अनवरत रूप से गरबा करने को मिले। हरिभूमि का फैमिली गरबा प्रथम दिन की तरह ही समय पर मां अंबे की आरती एवं कन्या पूजन के साथ प्रारंभ हुआ और देर रात तक इटारसी शहर के गरबा प्रेमी गरबा के दोनों पर थिरकते रहे।

आयोजन में शामिल हुए लोगों का कहना था कि ऐसे ही हरिभूमि गरबा को इतनी प्रसिद्धि नहीं मिली है। यह पूरी हरिभूमि टीम की मेहनत का ही कमाल है जिससे प्राकृतिक समस्या के सामने भी हरिभूमि गरबा आयोजन रुक नहीं पाया। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि गरबा का आगाज क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया था।

वहीं द्वितीय दिवस पर भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पार्षद, व्यापारी, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। गरबा में विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

## आए दिन बंद रहता है रेलवे स्टेशन के समीप निर्मित सुलभ शौचालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद ने रेलवे स्टेशन के समीप एक सुलभ शौचालय बनाया है। ताकि आने-जाने वाले यात्रियों को निस्तार की सुविधा मिल सके। लेकिन अव्यवस्था के चलते आए दिन सुलभ शौचालय बंद रहता है। और नागरिक परेशान होते हैं।

आसपास के व्यापारियों, यात्रियों एवं आमजनों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात्रि 10 बजे तक सुलभ शौचालय खुला रहना चाहिए। जिसकी सूचना भी सुलभ शौचालय के बाहर लिखी गई है। लेकिन इसके बाद भी दोपहर में सुलभ शौचालय बंद रखा जाता है। जिसके कारण नागरिकों को बहुत परेशानी होती है।

खासकर आसपास स्थित दुकानों के व्यापारियों एवं दुकानों पर आने वाले ग्राहक परेशान होते हैं व निस्तार के लिये खुले में जाने को विवश होते हैं। नागरिकों ने व्यवस्था सुधार की मांग सोहागपुर नगर परिषद से की है।

### महिलाओं को विशेष परेशानी

व्यापारियों ने बताया कि शौचालय के समीप बाजार है व रेलवे स्टेशन समीप ही है। जहां महिलाएं आती जाती हैं। और शौचालय बंद रहने के कारण महिलाओं को सर्वाधिक परेशानी होती है तथा कई बार उन्हें रेलवे स्टेशन तक जाना पड़ता है।

इस स्थिति में महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, जबकि इस शर्मिंदगी का अहसास नप व्यवस्था को होना चाहिए। नागरिकों को कहना है कि नप को कम से कम महिलाओं की सुविधा के लिए ही निर्धारित समय में शौचालय खोले रखने के निर्देश संचालक को देने चाहिए।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल के आयोजन में शामिल हुईं नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत नगरपालिका द्वारा विभिन्न आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को नगर के कृष्णा कांवेंट स्कूल रसूलिया में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का स्कूल प्रबंधन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। जहां जहां स्वच्छता रहती है वहां वहां से बीमारी भागती है। हमारे आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी न होने दें, जो भी यहां वहां कचरा फैंकता है उसे टोकें। साथ ही आपके वार्ड में आपके घर तक कचरा वाहन आता है स्वयं एवं अपने परिजनों को उसी में कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। आपके सहयोग से ही हमारा नगर स्वच्छता में नंबर 01 बनेगा।

नपा के सतीष यादव ने बताया कि इस दौरान कृष्णा कैरियर कांवेंट स्कूल में स्वच्छता से संबंधित वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का महत्व समझाया गया।

## जय माता दी समिति ने लगाए तिलक, किया कन्या पूजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सांडियारोडपर किटम किट्टू तिगडडापर लगा यार दुर्गा प्रतिमा के साथ मां नर्मदा की मूर्ति स्थापित की जाती है। तथा समिति सदस्य संजू शर्मा छगन कुशवाहा अजय शुक्ला आलोक हरदेनिया,सहित अन्य सभी शामिल हुए लोगो के द्वारा नवरात्रि के 5वे दिन नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या पूजन किया गया चरण धोकर भोजन उपरांत तिलक किया गया तथा अन्न दान सहित दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। सभी गणमान्य नागरिक पत्रकार सहित अन्य सभी शामिल हुए।याद रहे यह समिति मां नर्मदा की शरण में शरेभरकर जो लोग कार्तीक माह में जाते हैं उन लोगो को भोजन सहित अन्य सभी सेवा की जाती है। अन्य सभी समीतीयोमे कन्या भोज कराया गया। शास्त्र संगत झांकियां भी सजाई जा रही है। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी ने बताया की लगातार झांकी प्रस्तुत कर ने पर अलग अलग लोगों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा समितियां भाग ले रही है।

## संपूर्ण जिले में चल रहा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान, ग्राम पंचायतों की सफाई नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरकाढाना में 3गांव संलग्न है ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर विशेष सेवा पखवाड़ेके अंतर्गत मनाया जा रहा है। जिसके लिए शासनादेश जारी कर 25/9/25को विधायक से लेकर सभीलोग अधिकारी ने गांव में नगर पालिका परिषदके क्षेत्र में सुबह 8बजे से 9बजे तक स्वच्छता अभियान चलाकर गांवमे साफ सफाई और झाड़ू लगाई तथा अन्य काम दिया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत मार्काढाना के जिनौरा गांव में लगभग 2साल से सफाई व्यवस्था नहीं है। लेकिन सीईओ जनपद पंचायत के आदेश की तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेन्द्र सिंह के आदेश की अवहेलना ग्राम पंचायत सचिव लाल जी रघुवंशी रोजगार सहायक सरपंच प्रहलाद सिंह के द्वारा लगातार करते हुए भी सफाई व्यवस्था नहींकराई है। तथा सफाई व्यवस्था को लेकर सरपंच सचिव रोजगार सहायक ने लगभग 2लाख 50हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं ऐसे फर्जी बिल पास किया गया है। ग्रामवासी काशीराम रघुवंशी उम्र 85 सालबताया अभी तक सरपंच सचिव के द्वारा कोई काम नहीं किया गया है। वहीराधेश्याम एवंराजेश रघुवंशी ने बताया कि सरपंच सचिव रोजगारसहायकय हां पर आते ही नहीं है। पीएम आवास योजना में शामिल हुए लोगो को लाभान्वित नहीं किया गया है। सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है लोगो ने शोचालय तक मुख्य मार्ग पर बनाया गया है।पर अभी तक नोटिस जारी नहीं किया गया है। सरपंच ने फोन रिसीव नहीं किया। सचिव ने कहा सफाई व्यवस्था कराएंगे।

## सेमरी हरचंद में श्रीराम लीला महोत्सव मंचन: सीता स्वयंवर में रावण बाणासुर लक्ष्मण परशुराम के तीखे संवादों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद



शनिवार को नगर में स्थानीय कलाकारों द्वारा जारी रामलीलाक मंचन में धनुष यज्ञ की लीला की गई। राजा जनक के दरबार में जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर मैं लंका पति रावण का आगमन होता है और वह राजा जनक से पूछते हैं कि उन्हें स्वयंवर में आने का निमंत्रण क्यों नहीं दिया गया तभी वहां बाणासुर का भी आगमन होता है रावण तथा बाणासुर के बीच तेज संवाद होते हैं, और मिथिला के मंत्रियों द्वारा स्वयंवर की शर्तों का एलान किया जाता है जो शिव के धनुष को प्रत्यंचा पर चढ़ाएगा वही सीता का वरण करेगा।

स्वयंवर मैं विभिन्न देशों के महारथियों ने शिव धनुष को उठाने का प्रयास किया परंतु शिव धनुष उठाना दूर उनसे धनुष दिला तक नहीं, लंकापति रावण ने भी धनुष उठानेका प्रयास किया परंतु उन्हें भी असफलता ही हाथ लगी तब क्रोध में आकर स्वयंवर सभा से जाते हुए रावण ने प्रतिज्ञा की की एक बार सीता को लंका अवश्य ले जाऊंगा ।

उधर देश देश के महारथियों द्वारा शिव धनुष के भंग नहीं होने पर मिथिला नरेश राजा जनक ने दुखी होकर कहा लगता है पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है मुझे ऐसा मालूम होता कि शिव धनुष को कोई उठा नहीं पाएगा तो मैं यह प्रतिज्ञा ही नहीं करता अब शायद मेरी पुत्री अविवाहित ही रहेगी।

राजा जनक नहीं के ऐसे वचन सुनकर सभा में अयोध्या के सम्राट दशरथ के पुत्र रामके साथ स्वयंवर सभा में उपस्थित छोटे भाई लक्ष्मण ने क्रोधित होकर कहा जिस सभा में एक भी रघुवंशी उपस्थित हो वहां राजा जनक इस तरह अपमानित करने वाली वाणी का उपयोग कैसे कर सकते है।

मुनि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम शिव धनुष के पास जाकर धनुष को प्रणाम करके सहज ही किसी फूल कीभांति धनुष को उठा लेते हैं और जब उसकी प्रत्यंउ चढ़ाते हैं धनुष बीच से टूट जाता है, शिव धनुष के भंग होते ही सभा में हर्ष और प्रसन्नता का वातावरण उत्पन्न हो जाता है सभी राम की जय जय कार करते हैं।

तब सीता सभा में वरमाला लेकर आती है एवं राम के गले में वरमाला डाल देती हैं सभी राम और सीता की सुंदर जोड़ी पर पुष्पवर्षा करते हैं।


उधर धनुष भंग होते ही परशुराम सभा मे आते हैं और क्रोधित होकर जनक से पूछते हैं यह शिव धनुष किसने तोड़ा है मेरे सामने आ जाए तब लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद होता है। लक्ष्मण परशुराम संवाद को दर्शकों ने मंत्र मुग्ध होकर देखा एवं रामलीला की मुक्तकंठ से सराहना की।


## माखननगर में भक्त कर रहे हैं मां की आराधना


साहू मोहल्ला वार्ड नंबर 12


बेसिक स्कूल रोड




अमर ज्योति धार्मिक उत्सव समिति सिलारी


माता महाकाली वीर बंबू चौराहा


पुरोहित परिवार बागरा रोड

## कैरियर काउंसलर ने स्कूल में दिया परामर्श



**सेमरी हरचंद।** नजदीकी ग्राम खांडा देवरी के शासकीय हाई स्कूल विकासखंड सोहागपुर अंतर्गत आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार ठाकुर की उपस्थिति में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में काउंसलर प्रियंका नागोरिया द्वारा बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एंजायटी फोबिया मानसिक तनाव आदि की जानकारी दी गई एवं इसके उपचार के संबंध में बताया गया किसी भी प्रकार की समस्या होने पर काउंसलर से संपर्क हेतु कहा गया।

### कैकेई-दशरथ संवाद प्रसंग का मंचन

# कैकई ने दशरथ से मांगे वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



श्री राम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा गांधी मंच पर प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन रात्रि में किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार रात कैकेई-दशरथ संवाद व श्रीराम की वन गमन पर सहर्ष सहमती की लीला प्रस्तुत की गई। मंचन अनुसार राजा दशरथ ने विचार किया कि अयोध्या का राज राजकुमार राम को सौंपा जाए। तो वे गुरु वशिष्ट से विचार साझाकर आज्ञा लेते हैं। गुरुदेव की स्वीकृति के बाद अयोध्या में घोषणा की जाती है कि राजकुमार रामचन्द्र का राजतिलक किया जायेगा। लेकिन श्रृष्टि रचियता को चिंता हुई कि राम अवतार का हेतु कैसे पूर्ण होगा। तब माता सरस्वती जी को ब्रम्हा जी कैकेई की दासी मंथरा की बुद्धि फेरने को कहते हैं। दासी मंथरा कैकेई को राम राज्य तिलक के विपरीत भड़काते हुए अपने दो वरदान मांगने को कहती है। इसके बाद कैकई-दशरथ संवाद, कैकेई का वर मांगना, राजा दशरथ का विलापकर मूर्छित होना, कुंवर राम का वनवास के लिये तैयार होना, राम-कौशल्या संवाद, जानकी व लक्ष्मण का रामजी के साथ वनवास जाने की बात कहने के प्रसंगों का मंचन किया गया। स्थानीय वरिष्ठ ल युवा कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों को भावुक कर दिया। इधर समिति आम नागरिकों से रामलीला मंचन में उपस्थिति का निवेदन किया है।

### जांच पर पर उठाए गए सवाल

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवास में पी एम श्री स्कूल में प्राचार्य सुरेश श्रीवास्तव ने 17जून 2025को शिक्षिका को वाट्सएप पर एक ग़लत मैसेज भेजा गया था।जिसकी शिकायत बीईओ को तथा जिला डीपीसी जिला कलेक्टर सोनिया मीना को की थी। लेकिन सुत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान शिक्षा मंत्री करीबी होने तथा पत्नी महामंत्री तथा शिक्षा मंत्री जब सांसद थे।उस समय प्रतिनिधि भी रही है। पहले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लेखापाल रहे हैं। फिर क़रीब का लाभ उठा कर पी एम श्री स्कूल का प्राचार्य बनाया गया था। तभी से यहां पर है भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में रहे हैं।पर 17(जूनको शिक्षिका को वाट्सएप पर एक ग़लत मैसेज भेजा शिकायत के बाद भी 3माह तक मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। लेकिन शिक्षिका ने फिर जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना को अवगत कराया तो तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने से मामला सोसल मीडिया तथा विभाग में उजागर हो गया।

## नर्मदापुरम में श्रीरामलीला महोत्सव जारी राम-सुग्रीव मैत्री प्रसंग का मार्मिक मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



श्रीरामलीला में श्रीराम-सुग्रीव मैत्री की लीला बारिश की रिमझिम फुहारों में सम्पन्न हुई जिसमें बताया कि श्रीरामजी सीता हरण के बाद उनकी खोज में व्याकुल वन वन भटकते हैं शबरी के आश्रम पहुंच कर उन्हें नवधा भक्ति सुनाकर श्रीराम ऋष्यमुख पर्वत के पर निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे हैं सुग्रीव अपने दूत हनुमान जी को श्रीरामजी के पास उनको लिवाने पहुंचाते हैं ,हनुमानजी श्रीराम को लेकर सुग्रीव के पास आतें हैं और यहां श्रीराम मैत्री होती है इसी प्रसंग में सुग्रीव राम को व्याकुल देखते हैं और उनकी सहायता के लिए तत्पर हो जाते हैं श्री राम सुग्रीव के भाई बाली से मुक्त करने का यंत्र करते हैं, यहीं पर सुग्रीव एवं बाली का संघर्ष होता है, श्रीराम सुग्रीव की रक्षा के लिए बाली का वध कर देते हैं ,सुग्रीव को किष्किंधा का राज देकर बालिपुत्र अंगद को युवराज बनाते हैं] यहीं से श्रीराम सुग्रीव एवं हनुमान की वानर सेना सहित सीताजी की खोज में निकलते हैं ,उनको समुद्र तट पर जटायु का भाई सम्पाती मिलता है जो सभी को रावण का पता बतलाता है ।

लीला में सुभाष परसाई ने रावण, गोपाल शुक्ला ने बाली , दीपेश व्यास ने हनुमान , मोहन मांझी ने जामवंत , दीपक साहू ने सुग्रीव , मनोज परसाई ने शबरी , आदित्य दुबे ने सम्पाती का अभिनय किया ।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेन्स लिमिटेड आर. के. श्री टावर, गल्ला मण्डी के सामने, इटारसी रोड नर्मदापुरम् की ओर से इस जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि श्री रोहित आ. श्री अशोक साहू निवासी ग्राम घनोरा पोस्ट देहपोन तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर द्वारा श्री जितेन्द्र सोनी आ. श्री सुशीलकांत सोनी निवासी रामनगर झंडा चौक, बनखेडी तह. बनखेडी जिला होशंगाबाद से क्रय की जा रही परिवर्तित भूमि खसरा नं. 59/30 पटवारी हल्का नंबर 37, रकबा 500 वर्गफुट मौजा वार्ड नं.09, खरे कालोनी बनखेडी तह. बनखेडी जिला होशंगाबाद जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व में - रास्ता, पश्चिम में- संतोष पटेल का मकान, उत्तर में- गायत्री बाई का मकान, एवं दक्षिण में- महेन्द्र सोनी का प्लाट स्थित है को क्रय किये जाने का अनुबंध दिनांक 17/09/2025 को किया गया है। उक्त संपत्ति की पूर्व स्वामी श्रीमति रूखसार बी पत्नि श्री आबिद खान निवासी पीपरपानी तह. बनखेडी जिला होशंगाबाद की मूल रजिस्टी दिनांक 17/06/2016 जिसका पंजियन क्रं. एमपी 169832016ए1364408 है जिसे उनके द्वारा श्रीमति गायत्री बाई पत्नि कमलेश कुमार निवासी बनखेडी तह. बनखेडी जिला होशंगाबाद से क्रय किया गया है का मूल विक्रय पत्र, मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है जो समस्त प्रयासों से खोजने के बावजूद भी नहीं मिल सकी है। यदि उक्त संपत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व आधिपत्य हित ऋण बंधक (सम्यक) भार अथवा किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र के प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अन्दर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी तरह का कोई दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार कम्पनी पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरी पक्षकार कम्पनी उपरोक्त संपत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बंधककर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

**योगेश कुरापा** अधिवक्ता
कार्या.: श्री साई लॉ चेम्बर, प्रथमतल, साईं सुपर बाजार, मीनाक्षी चौक, होशंगाबाद मो.नं. 9340692669

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

हरदा।कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने जिले के खिरकिया एवं बावड़िया में प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में शनिवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न सम्पन्न कराने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### डॉ. शिरीष अग्रवाल बने कैट सदस्य



हरदा। जिले के प्रख्यात कर सलाहकार एवं समाजसेवी डॉ. शिरीष अग्रवाल को कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअकळ), मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा एवं गहन विचार-विमर्श के उपरांत की गई है। उअकळ, जो कि देश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों में से एक है, लघु एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा उनके उत्थान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे व्यापारी वर्ग की सेवा का अवसर मिला है। मैं पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ व्यापारी समाज के हितों के लिए कार्य करता रहूँगा।ह्व

### यातायात नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

**खंडवा**। त्योहारों के मद्देनजर खंडवा पुलिस ने जिलेभर में कार्रवाई करते हुए 35 वाहन चालकों पर यातायात नियम तोड़ने पर चालानी कार्रवाई की और 19,800 रुपये समन शुल्क वसूला। बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, तीन सवारी और सीट बेल्ट न लगाने वालों पर यह कार्रवाई हुई। इसी दौरान अवैध शराब के दो मामलों में पुलिस ने छैगांवमाखन और मूंदी थाना क्षेत्रों में दबिश देकर करीब 6.3 लीटर शराब जब्त की, जिसकी कीमत 3,140 रुपये बताई गई। दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों में 44 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इसमें धारा 126/135 BNSS के तहत 21 प्रकरणों में 26 लोगों पर, धारा 129 BNSS के तहत 4 प्रकरणों में 4 लोगों पर और धारा 170 BNSS के तहत 9 प्रकरणों में 14 लोगों पर कार्रवाई की गई। कुल 29 लोगों पर बाउंड ओवर की कार्रवाई भी की गई।

### नि:शुल्क प्रोजेक्ट कोड कंप्यूटर प्रशिक्षण 30 से

**सीहोर**। तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 31 अक्टूबर 2025 से आमजन के लिए निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। उपलब्ध कंप्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक आमजन की पहुंच को सुगम बनाना ढांचे का निर्माण करना है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के कम्प्यूटरों को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त आमजन के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकें।

## 135 दिव्यांगों को 236 सहायक उपकरण वितरित

# सहायक उपकरणों से मिलेगी दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनने में मदद: उईके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सेवा का कार्य अनंत में पहुँचकर दस गुना प्रतिफल देता है। जिले के दिव्यांगों को प्रदान किये जा रहे सहायक उपकरण उनको आत्मनिर्भर बनने में मददगार सिद्ध होंगे। यह उपकरण साधन नहीं अपितु दिव्यांगों को शक्ति, आत्म विश्वास व नई उड़ान का प्रतीक हैं। यह उनके हुनर के विकास में सहयोगी बनेंगे। श्री उइके ने शनिवार को स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत एडिप योजनान्तर्गत आयोजित दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### ब्रेल लिपि का प्रशिक्षण देने की कार्य योजना तैयार

शिविर में 135 दिव्यांगों को 25 लाख की लागत के 236 उपकरण वितरित किये गये। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर जैन ने कहा कि जिले के मूक बधिर एवं दृष्टिहीन दिव्यांगों को आईटी उपकरणों के उपयोग एवं ब्रेल लिपि का प्रशिक्षण देने की कार्य योजना तैयार की गई है। जिससे उन्हें अपने हुनर का विकास करने में मदद मिलेगी। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने सभी उपस्थित दिव्यांगों से प्रदान किये गये उपकरणों का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की अपेक्षा की। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि यह उपकरण दिव्यांगजनों के लिये शक्ति का प्रतीक हैं। यह उनको आत्मनिर्भरता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने भी शिविर को संबोधित किया। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि इस अवसर पर जिले के 135 दिव्यांगजनों को कुल 236 उपकरण वितरित किये गये। इनमें जनपद पंचायत हरदा के 30, जनपद पंचायत टिमरनी के 25, जनपद पंचायत खिरकिया के 25, नगर परिषद हरदा के 26, नगर पंचायत टिमरनी के 10, नगर पंचायत खिरकिया के 17 तथा नगर पंचायत सिराली के 2 दिव्यांग शामिल है।

### केन्द्रीय मंत्री ने किया पौधरोपण, कन्या भोज में हुए शामिल



केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने शनिवार को एल.आई.जी कॉलोनी में स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत निर्मित नमो उद्यान में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत आम, आंवला, जामुन, अमरूद का पौधा लगाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों ने उपस्थित थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने शनिवार को शासकीय नवीन हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल में संचालित पं. दीनदयाल अंत्योदय रसोई में आयोजित कन्या भोज में सम्मिलित हुए एवं इस दौरान कन्याओं को भोजन परोस कर उन्हें गिफ्ट वितरित किये।

## 88 स्थानों पर निकलेगा पथ संचलन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनाएगा जिले भर में विजयादशमी उत्सव



(फाइल फोटो)

**हरदा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (1925-2025) की शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर इस बार हरदा जिले में विजयादशमी उत्सव विशेष रूप से मनाया जा रहा है। पूरे हरदा जिले में, जिसमें 6 खंड, 1 नगर एवं 4 अन्य नगर शामिल हैं, 65 मंडल व 22 बस्तियों में कुल 88 स्थानों पर पथ संचलन निकाला जाएगा। इसमें 522 ग्राम एवं 436 मोहल्लों के लगभग 20,000 गणवेशधारी स्वयंसेवक सहभागी होंगे। यह पथ संचलन 2 अक्टूबर विजयादशमी से 12 अक्टूबर तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम में घोष प्रदर्शन, सामूहिक गीत, पारंपरिक शस्त्र पूजन, अनुभवी वक्ताओं के वक्तव्य सहित विविध आयोजन होंगे। इस अवसर पर समाज जीवन के विविध क्षेत्र—शिक्षण, समाजसेवा, उद्योग, विज्ञान आदि विभिन्न क्षेत्रों के बंधु-भगिनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वयंसेवक समाज में पाँच महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता ला रहे हैं—पर्यावरण संरक्षण (प्लास्टिक हटाओ, वृक्ष लगाओ, जल बचाओ),कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता ,नागरिक कर्तव्यों का बोध एवं स्व का बोध जैसे विषयों पर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक विभिन्न बैठकों, घर-घर संपर्क, दीवार लेखन, भारत माता की आरती, वाहन रैली तथा घर-घर पीले चावल का निमंत्रण आदि के माध्यम से हिंदू समाज को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस बार पूरे भारतवर्ष में, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक इसी प्रकार के आयोजन होंगे और वर्षभर हिंदू समाज को जोड़ने एवं जागृत करके का व्यापक अभियान चलेगा। जिला संघचालक विजय मीणा ने कहा कि ₹संघ स्थापना के 100 वर्ष होने के कारण इस बार का उत्सव विशेष महत्व रखता है। हिंदू समाज से आग्रह है कि इस बार प्रत्येक हिंदू परिवार से पथ संचलन में सहभागिता हो।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

# 50 महिलाओं की जांच कर मोटापा घटाने चीनी व खाद्य तेल का सेवन कम करने पर जोर दिया




रहटगांव। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान जिला चिकित्सालय अधिकारी के नेतृत्व में सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं रघुवीर कॉलोनी में स्वास्थ्य टीम पहुंची। स्वास्थ्य विभागसे ए एन एम सन्तरी पर्ते, आशा कार्यकर्ता अनिता गौर द्वारा 50 से अधिक महिलाओं की जांच की। जिसमें वज़न, ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, के टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच की व बच्चों के टीकाकरण की जानकारी मौके पर दी। मोटापा घटाने के लिए चीनी और खाद्य तेल के सेवन कम करने पर जोर दिया।

## मंत्री शाह की सलाह पर कलेक्टर ने आदेश जारी किया

# शासकीय कार्यक्रमों में स्वागत पुस्तकों, पौधों से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने कहा कि अतिथियों का स्वागत फूलमाला या गुलदस्ते से करने की बजाय पुस्तक या पौधे देकर करना चाहिए। उनका कहना था कि माला देने के बाद उसे उतारना पड़ता है, जबकि उतनी ही कीमत में एक अच्छा पौधा या किताब मिल सकती है, जो शिक्षा और ऑक्सीजन दोनों देगी। इसे हमारी संस्कृति का हिस्सा बनाना चाहिए। मंत्री की इस सलाह के बाद खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय कार्यक्रमों में अतिथियों का स्वागत अब पुस्तकों और पौधों के जरिए किया जाए। इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बुजुर्गों से बच्चों को जोड़ने पर जोर

कार्यक्रम में मंत्री ने बुजुर्गों से बच्चों के लिए खास संदेश दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के युग में बच्चे मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, इसलिए उन्हें रोज अपने बुजुर्गों के साथ कम से कम आधा घंटा बिताना चाहिए। इससे वे प्यार और दुलार अनुभव कर सकेंगे। मंत्री ने अपने स्कूल जीवन की यादें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनके शिक्षक सुबह पांच बजे उन्हें दौड़ लगवाते थे और जब तक पसीना न निकले तब तक भोजन नहीं मिलता था। इस अनुशासन और कठोर मेहनत ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ना सिखाया।

### बुजुर्गों को बताया जिंदा मूर्ति

शाह ने कहा कि मंदिर में लोग मूर्तियों के सामने दुआ करते हैं, लेकिन माता-पिता और बुजुर्ग जिंदा मूर्तियां हैं जिनका आशीर्वाद सकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है। बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लेना हमारा धार्मिक और सांस्कृतिक संस्कार है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और जीवन से युवा पीढ़ी को सीखने को मिलता है, इसलिए उनका सम्मान करना जरूरी है। आगामी समय में वे बुजुर्गों के साथ संवाद जारी रखेंगे।

## खंडवा जेसीआई का 49वां स्थापना दिवस मनाया गया

# पूर्व अध्यक्षों और सहयोगियों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जेसीआई खंडवा ने अपना 49वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा समाज सेवा और राष्ट्रीय मिशन से जुड़े कार्यों को याद किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जेसीआई प्रतिवर्ष 15 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियां और जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। बड़ी संख्या में प्रतिभाएं इसमें हिस्सा लेकर अपना हुनर प्रस्तुत करती हैं। वरिष्ठ साथी और पूर्व अध्यक्ष अनिल बाहेती ने कहा कि पिछले 49 वर्षों से जेसीआई खंडवा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर रहा है। स्थापना दिवस पर सभी पूर्व अध्यक्षों ने अपने संस्मरण साझा किए। क्लब की अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि जेसीआई व्यक्तिगत विकास की पाठशाला है और सप्ताह भर चले शानदार कार्यक्रम सभी के सहयोग से सफल हुए। वर्षभर में विशेष सहयोग देने वालों में हेमंत मुंदड़ा, दीपक सोलंकी, मनोज शाह, अमिन खान, डॉ. मेघा प्रजापति, देव महोबिया, मनन सोनी, धर्मेंद्र जौहरी, शुभम अग्रवाल, पावन माहेश्वरी, अनुज खंडेलवाल, अनुज मुंदड़ा, कुशदीप होरा, मोहिनीश साहू, बिट्टू मेहरा, सुरेंद्र सोलंकी, नारायण बाहेती, सुनील जैन, पिंकी राठोर और संगीता जैन का भी सम्मान किया गया। पूर्व अध्यक्ष रणवीर चावला ने कहा कि जेसीआई का 50वां वर्ष और भी शानदार होगा। संस्थापक अध्यक्ष गोविंद झंवर ने 49वें वर्ष की बधाई देते हुए 50वें वर्ष के स्वागत का आह्वान किया। दिनेश पालीवाल और आशीष चटकेले ने कहा कि आज जो कुछ भी उपलब्धि है वह जेसीआई की देन है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गोविंद झंवर, महेंद्र हुमड़, घनश्याम शाह, रणवीर चावला, राजेश खत्री, अनिल बाहेती, हरदीप छाबड़ा, आशीष चटकले, सतीश जैन, राधेश्याम पटेल, दिनेश पालीवाल, नागेश वालंजकर, अंशुल सैनी, विकास मित्तल और ज्योति बालंजकर का सम्मान किया गया।

# भारत माता की प्रतिमा विराजित की




### नवरात्रि दुर्गा महोत्सव का आयोजन

**रहटगांव**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति में भारत माता विराजित की गई हैं। मां भारती के पंडाल में दुर्गा वाहिनी द्वारा शस्त्र पूजन तलवार बाजी रानी लक्ष्मी बाई, भारत माता, रानी पद्मावती, दुर्गा जी की झांकिया एवं लव जिहाद जैसे विषय पर कविताएं एवं उद्बोधन दिया। एक सामाजिक संस्था द्वारा कई प्रदर्शन किए। जिसमें हाथों से फरसी फोड़ना, सिर पर नारियल फोड़ना, पेट पर छड़ी मोड़ना, कांच की ट्यूबलाइट खाना, लोहे की किलों पर के ऊपर लेटना, पेट पर से बाइक निकालना जैसे कई प्रदर्शन किया। इस दौरान दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका तनुश्री सोनी, स्मिता दुबे, कमला सोनी, विधायक अभिजीत शाह, अर्पण ठाकुर, तरुण गौर, पंडित कृष्णकांत तिवारी,जिला सुरक्षा प्रमुख विनय गौर, कपिल राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मोटरसाइकिल गाय से टकराई, घायल



**बुधनी**। औबेदुल्लागंज से सलकनपुर दर्शन के लिए जा रहा बाइक सवार गडरिया नाला पर गाय से टकरा गया राहगीरों ने 112 को घटना की सूचना दी इस पर गडरिया नाला 112 वाहन ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया घायल मोटरसाइकिल सवार की पहचान ओबेदुल्लागंज निवासी विकास भदोरिया पुत्र हुकुम सिंह उम्र 30 वर्ष के रुप में हुई है घटनास्थल पर मृत गाय मिली है राहगीरों की माने तो इसी से टकराकर बाइक सवार घायल हुआ है। अक्सर देखने में आया है कि वाहनों से टकराकर गोवंश या तो घायल हो जाते हैं या फिर उनकी मृत्यु हो जाती है परंतु उनके शव घटनास्थल पर ही पड़े रहते हैं। कई बार या तो बड़े वाहन मृत गोवंश के ऊपर से निकल जाते हैं वहीं छोटे वाहन चालक इनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं हालांकि इन शवों को उठाने की जिम्मेदारी एनएचएआई की होती है बा मुश्किल कभी कभार ही इन्हें उठाया जाता है वरना गोवंश के शव सड़क पर ही पड़े रहते हैं।

# आर्थिक सहायता व बीमा राशि देने की घोषणा पर किसानों ने किया डांडिया



**सीहोर**। किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जैसे ही मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले के किसानों की सोयाबीन की फसल एमएससी पर भावांतर पर खरीदने एवं खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता राशि व बीमा राशि किसानों को दिये जाने की घोषणा तो किसानों ने खुशी का इजहार करते हुए डांडिया नाच किया ढोल व लकड़ी के साथ जमकर नाचे। वहीं सोयाबीन के खेतों में काम कर रहे महिला-पुरुषों के चेहरे खिले उठे।

किसानों का कहना है कि हमारी फसल की बीमा राशि देने का भी मुख्यमंत्री जी ने बोला है और जो खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर राहत राशि देने की घोषणा की इसका हम सभी किसान सम्मान करते हैं और केंद्रीय कृषि मंत्री जी ने भी आदेश जारी किया हैं। हमारे ग्राम चंदेरी में सर्वे भी किया गया हैं। किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने डांडिया नाच किया एवं माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

सीहोर जिले के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा एवं उज्जैन के जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश राजोरिया जो सीहोर जिला केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का क्षेत्र है एवं उज्जैन माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का क्षेत्र है जहां पर किसानों द्वारा विगत एक माह से खराब सोयाबीन राहत राशि देने में बीमा राशि की मांग की जा रही थी किसान की समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की फसल खरीदने की मांग भी की जा रही थी, जिसको लेकर मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों की मांग को देखते हुए मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टरों को शीघ्र सर्वे करने का निर्देश दिया।